# HINDI

## Paper 2

(*Two Hours*)

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately.***

*You will **not** be allowed to write during the first **15 minutes.***

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

---

*Answer **five** questions in all.*

*You must answer at least **one** question from each of the **three** books you have chosen.*

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

चुनी हुई **तीन** पुस्तकों में से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है ।

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

## गद्य सौरभ

**Question 1**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

''सत्वगुण के समुद्र में जिनका अंत:करण निमग्न हो गया वे ही महात्मा, साधु और वीर हैं । वे लोग अपने क्षुद्र जीवन का परित्याग कर ऐसा ईश्वरीय जीवन पाते हैं कि उनके लिए संसार के कुछ अगम्य मार्ग साफ हो जाते हैं । आकाश उनके ऊपर बादलों के छाते लगाता है । प्रकृति उनके मनोहर माथे पर राजतिलक लगाती है । हमारे असली सच्चे राजा वे ही साधु पुरुष हैं ।''

(i) 'सत्वगुण' से आप क्या समझते हैं ? इस गुण से युक्त व्यक्तियों को क्या लाभ होता है ? [4]

(ii) सच्चे राजा से लेखक का क्या तात्पर्य है ? उन्हें सच्चे राजा क्यों कहा गया है ? [4]

(iii) लेखक ने झूठे राजा किन्हें बताया है और क्यों ? [4]

(iv) प्रस्तुत पाठ के लेखक का नाम लिखकर बताइए कि आपको इस पाठ से क्या शिक्षा मिली ? [4]

---

**This paper consists of 6 printed pages.**



© Copyright reserved

**Turn Over**

**Question 2**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

"अजी, ये पहाड़ी बड़े शैतान होते हैं । बच्चे-बच्चे में अवगुण छिपे रहते हैं—आप भी क्या अजीब हैं उठा लाए कहीं से—लो जी यह नौकर लो ।"

**(i)** पहाड़ी बालक के विषय में उक्त कथन किसका है ? वक्ता का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**(ii)** लेखक को वह पहाड़ी बालक कहाँ, कब और किस दशा में मिला था ?

**(iii)** वक्ता के व्यवहार की पहाड़ी बालक पर क्या प्रतिक्रिया हुई ? इससे बालक के व्यक्तित्व के विषय में क्या ज्ञात होता है ?

**(iv)** भारतीय समाज में बाल-मजदूरी एक अभिशाप है—इस कथन को दृष्टि में रखकर एक अनुच्छेद में अपने विचार दीजिए ।

**Question 3**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

किसी तरह खिड़की से बाहर कूदा तो क्या देखता हूँ, पूरी ट्रेन की छत यात्रियों से पटी पड़ी है । सोचता हूँ, अपने प्राणों को भीषण संकट में डालकर ट्रेन की छत पर यात्रा करने के लिए लोग क्यों मजबूर हुए ? इन लोगों को रेल के नियम, व्यवस्था और अनुशासन का ध्यान क्यों नहीं है ?

**(i)** लेखक को कहाँ, क्यों जाना था ? वे ट्रेन में किस प्रकार चढ़े थे ?

**(ii)** लेखक को खिड़की से बाहर क्यों कूदना पड़ा था ? लेखक का उक्त प्रकार से सोचना उनके चरित्र के किस भाव को स्पष्ट करता है ?

**(iii)** लेखक को कौन लेने आया था ? उसकी समस्या क्या थी ? लेखक ने उसे क्या सलाह दी ?

**(iv)** प्रस्तुत पाठ में किस समस्या को उठाया गया है ? वर्तमान समय में यदि देश सचेत न हुआ तो उसके क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं ?

## चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य

**Question 4**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

मैं ही नहीं, मगध की सारी प्रजा जानती है कि जो कुछ भी रामगुप्त और उसके मंत्रियों ने किया है, गुप्तवंश की परम्परा और स्वर्गीय सम्राट समुद्रगुप्त की इच्छा और आज्ञाओं के विरुद्ध ही नहीं, धर्म के विरुद्ध भी है ।

**(i)** यह कथन किसने, किससे कहा है ? इससे पूर्व वक्ता श्रोता की किससे तुलना कर रहे थे और क्यों ?

**(ii)** धर्म किसे कहते हैं ? रामगुप्त के द्वारा किए गए कार्य को धर्म के विरुद्ध क्यों कहा गया है ?

**(iii)** समुद्रगुप्त का परिचय दीजिए ।

**(iv)** प्रस्तुत उपन्यास के लेखक कौन हैं ? उपन्यास की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश स्पष्ट कीजिए ।

**Question 5**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

"कौन है ऐसा जिसे आज भी चन्द्रगुप्त की तलवार पर विश्वास नहीं है ?'' कहते हुए अचानक रामगुप्त ने ध्रुवस्वामिनी के शिविर में प्रवेश किया और फिर ध्रुवस्वामिनी के निकट ही एक आसन पर बैठते हुए चन्द्रगुप्त से पूछा—"फिर क्या निर्णय किया महादेवी ने ?''

(i) उपर्युक्त वार्तालाप कहाँ चल रहा है ? रामगुप्त ने चन्द्रगुप्त को कब और क्यों बुलाया था ? [4]

(ii) रामगुप्त ने चन्द्रगुप्त को क्या जिम्मेदारी सौंपी थी ? चन्द्रगुप्त ने इस जिम्मेदारी को किस प्रकार निभाया ? [4]

(iii) रामगुप्त चन्द्रगुप्त की योजना सुनकर प्रसन्न क्यों हुआ ? कारण सहित उत्तर दीजिए । [4]

(iv) चन्द्रगुप्त ने अपनी योजना को सफल कैसे बनाया ? संक्षेप में समझाते हुए लिखिए । [4]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

मन-ही-मन इस विचार पर मुस्कराते हुए उन्होंने अंगरक्षक को प्रधान सेनापति वीरसेन, अग्निमित्र तथा भद्रसेन को बुलाने की आज्ञा दी और पहाड़ी से उतरकर अपने शिविर में चले गए ।

शिविर में सम्राट के विचार सुनकर तीनों सेनापतियों को प्रसन्नता हुई ।

(i) सम्राट का परिचय दीजिए और बताइए कि वे अपनी किस विजय-यात्रा से लौट रहे हैं ? [4]

(ii) उनकी सेना ने कहाँ पर पड़ाव डाला था ? उस स्थान का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । [4]

(iii) वहाँ पर सम्राट के हृदय में किस-प्रकार के विचार उत्पन्न हुए ? समझाते हुए लिखिए । [4]

(iv) 'इस विचार' से उपन्यासकार का तात्पर्य क्या है ? यह विचार क्या था ? [4]

## एकांकी चयनिका

**Question 7**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

"हमारे विवाह को चालीस वर्ष हो चुके, परन्तु आज तक मैंने तुम्हारे मुख से कोई मिथ्या वाक्य क्या, मिथ्या शब्द, और मिथ्या शब्द ही नहीं, मिथ्या अक्षर तक नहीं सुना, वही तुम आज बड़ी से बड़ी मिथ्या बात कहकर उसे साधारण सत्य-भाषण से बड़ा सत्य कह रहे हो ।''

(i) उपर्युक्त पंक्तियाँ कौन, किससे और किस संदर्भ में कह रहा है ? समझाते हुए उत्तर लिखिए । [4]

(ii) वक्ता के अनुसार 'सत्य' की परिभाषा और उसका महत्व क्या है ? [4]

(iii) श्रोता 'सत्य' को क्यों छोड़ना चाहता है ? समझाते हुए लिखिए । [4]

(iv) श्रोता के लिए कैसा 'धर्मसंकट' (Ordeal) आकर खड़ा हो गया है ? कारण सहित उत्तर दीजिए । [4]

## Question 8

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

"सामने वाले दीवार को ढके हुए दो अलमारियाँ कोनों से मिली रखी हैं । एक अलमारी में चीनी के बर्तन, काँटे, छुरी आदि हैं, दूसरी में शक्कर, पावरोटी आदि सजे रखे हैं । दोनों अलमारियों के बीच में एक मेज रखी है, जिसमें शीशे के ढकने लगे हैं । मेज में केक मिठाइयाँ आदि रखी हैं ।"

(i) उपर्युक्त दृश्य किस स्थान का है ? यहाँ का मालिक कौन है तथा बैरा कौन है ? दोनों का संक्षिप्त परिचय दीजिए । [4]

(ii) मालिक और बैरे के बीच किस बात को लेकर बात चल रही है ? उस समय वहाँ कौन आता है ? [4]

(iii) आगन्तुकों के मध्य क्या बहस चल रही है ? वे क्या सिद्ध करना चाहते हैं ? [4]

(iv) वे अपनी बात को ठीक सिद्ध करने के लिए क्या-क्या तर्क देते हैं ? [4]

## Question 9

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

"अब तुम जाओ और देखो फिर मुझे शिकायत का अवसर न मिले (गला भर आता है) यही मेरी आकांक्षा है कि सब डालियाँ साथ-साथ फलें-फूलें, जीवन की सुखद, शीतल वायु के स्पर्श से झूमें और सरसाएँ । विटप से अलग होने वाली डाली की कल्पना ही मुझे सिहरा देती है ।"

(i) उपर्युक्त पंक्तियाँ किसने, किससे और क्यों कही हैं ? [4]

(ii) घर में क्या समस्या है ? इस समस्या का क्या कारण है ? [4]

(iii) वक्ता अपने परिवार से क्या चाहता है और क्यों ? [4]

(iv) वह अपने परिवार के किन सदस्यों को विशेष हिदायत देता है ? वे हिदायतें क्या थीं ? [4]

## कथा-सरिता

## Question 10

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

"अब आप गाड़ी पर चढ़ जाओ । मैंने जो कहा, वह लिख लेना और कह भी देना ।"

गाड़ी के जाते ही लहना लेट गया—"वजीरा, पानी पिला दे और मेरा कमरबंद खोल दे । तर हो रहा है ।"

(i) यहाँ कौन-सी गाड़ी के विषय में कहा गया है ? गाड़ी कहाँ, किस उद्देश्य से आई थी ? [4]

(ii) कौन, किससे गाड़ी पर चढ़ने का आग्रह कर रहा है तथा क्यों ? [4]

(iii) वक्ता ने अपने सम्बन्ध में क्या बात श्रोता से छिपाई थी ? इससे उसकी किस भावना का ज्ञान होता है ? [4]

(iv) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं ? कहानी के आधार पर भारतीय सैनिकों की वीरता का वर्णन कीजिए । [4]

**Question 11**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

"बाबू साहब कुछ देर चुप रहकर बोले—'यदि अपना सगा भतीजा भी 'पराया-धन' कहा जा सकता है तो फिर मैं नहीं समझता कि अपना धन किसे कहेंगे ?''

उन्होंने सोचा कि मूर्ख स्त्री के मुँह लगना ठीक नहीं । अतएव वह स्त्री की बात का कुछ उत्तर न देकर वहाँ से टल गए ।''

**(i)** बाबू साहब कौन हैं ? उनका परिचय देते हुए बताइए कि वे किनको बहुत प्रेम करते हैं और क्यों ? [4]

**(ii)** उनकी पत्नी कौन है ? उसको क्या दुःख है ? उसका यह दुःख यदा-कदा बढ़ता क्यों रहता है ? [4]

**(iii)** 'पराया धन' से क्या तात्पर्य है ? कौन, किसे, कब और क्यों पराया धन कहता है ? [4]

**(iv)** उपर्युक्त 'पराया धन' किन परिस्थितियों में 'अपना धन' लगने लगता है ? संक्षेप में समझाइए । [4]

**Question 12**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

"वक्त ?'' शाहनी अपनी गीली आँखों से हँस पड़ी । "दाऊद खाँ, इससे अच्छा वक्त देखने के लिए क्या मैं जिन्दा रहूँगी ।'' किसी गहरी वेदना और तिरस्कार से कह दिया शाहनी ने ।

**(i)** शाहनी का परिचय दीजिए । [4]

**(ii)** इस समय शाहनी के हृदय में गहरी वेदना और तिरस्कार का भाव क्यों है ? [4]

**(iii)** शाहनी ने चलते समय हवेली का सारा सोना-चाँदी और रुपया क्यों छोड़ दिया था ? [4]

**(iv)** इस कहानी में किस राजनीतिक और ऐतिहासिक घटना का वर्णन है ? इस घटना का देशवासियों पर क्या प्रभाव पड़ा ? [4]

## काव्य-कानन

**Question 13**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

विद्रोही हैं हमीं, हमारे
फूलों में फल आते,
और हमारी कुरबानी पर
जड़ भी जीवन पाते,
हम हैं नहीं रूढ़ि की
पुस्तक के पथरीले भार
नित नवीनता के हम हैं,
जग के मौलिक उपहार ।

**(i)** उपर्युक्त पंक्तियां किस कविता से ली गई हैं ? कविता के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । [4]

**(ii)** जड़, नित, रूढ़ि व नवीनता के अर्थ लिखें । [4]

**(iii)** विद्रोही को क्या-क्या झेलना पड़ता है ? इसका उसे क्या फल प्राप्त होता है ? [4]

**(iv)** कवि का नाम लिखते हुए बताएं कि इस कविता का आप पर क्या प्रभाव पड़ा ? [4]

**Question 14**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

"कितने भी गहरे रहें गर्त्त,
हर जगह प्यार जा सकता है;
कितना भी भ्रष्ट जमाना हो,
हर समय प्यार भा सकता है;
जो गिरे हुए को उठा सके
इससे प्यारा कुछ जतन नहीं,
दे प्यार उठा पाये न जिसे
इतना गहरा कुछ पतन नहीं ।"

**(i)** उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से उद्धृत हैं ? इस कविता के माध्यम से कवि हमें क्या पाठ पढ़ाना चाहता है ? [4]

**(ii)** कवि के अनुसार हमें सभी लोगों के साथ किस प्रकार का व्यवहार रखना चाहिए और किस तरह का व्यवहार नहीं करना चाहिए ? [4]

**(iii)** कवि का किस बात पर अटूट विश्वास है ? उपर्युक्त पंक्तियों के आधार पर उत्तर दीजिए । [4]

**(iv)** प्रस्तुत कविता के अंत में कवि हमें क्या शपथ देता है और क्यों ? अपने शब्दों में उत्तर दीजिए । [4]

**Question 15**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

बुरे लगत सिख के बचन, हियै विचारौ आप ।
करुवी भेषज बिन पियै, मिटै न तन की ताप ।।
फेर न ह्वै है कपट सौं, जो कीजै व्यौपार ।
जैसे हांडी काठ की, चढ़ै न दूजी बार ।।
करिये सुख की होत दुख, यह कहो कौन सयान ।
वा सोने को जारिये, जासों टूटे कान ।।

**(i)** शिक्षापूर्ण वचनों का व्यक्ति के जीवन में क्या महत्व है ? व्यक्ति को शिक्षा की बातें कैसी लगती हैं और क्यों ? [4]

**(ii)** व्यापार में सफलता के लिए किस बात की आवश्यकता होती है और क्यों ? [4]

**(iii)** कवि ने किस कार्य को चतुराई से भरा कहा है और क्यों ? [4]

**(iv)** अर्थ लिखिए :

करुवी, भेषज, फेर, काठ, दूजी बार, सयान, जारिये, ताप । [4]

THEEXAMPAPERS.COM
BY CHIRAG AGARWAL